देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- नई जीएसटी दरें आज से पूरे देश में लागू।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई कर व्यवस्था को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। राज्यों से स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देकर 'स्वदेशी' अपनाने का आह्वान किया।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा के दूसरे चरण के लिए तीर्थयात्रियों का आगमन शुरू, केदारनाथ धाम में अबतक 15 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- शारदीय नवरात्र आज से शुरू। प्रदेशभर के दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार।
- और... स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत पौड़ी जिले के श्रीनगर में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

वस्तु और सेवा कर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर बदलावों को अगली पीढ़ी का सुधार बताया है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती तथा आम लोगों को राहत मिलेगी।

राष्ट्र के नाम संबोधन में कल शाम प्रधानमंत्री ने नवरात्र के पहले दिन से लागू हो रहे जीएसटी सुधारों को बचत उत्सव का नाम दिया। वस्तु और सेवा कर की नई दरें आज से लागू हो गई है। अब केवल पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर दरों में कटौती से दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती होंगी और उपभोग आधारित वृद्धि की गति तेज़ होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक देश एक कर का सपना साकार हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जी.एस.टी. सरल, पारदर्शी और जन–अनुकूल हो गया है। ये नागरिकों को सीधी राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये सुधार देश की विकास यात्रा को गति देंगे।

चारधाम यात्रा

मौसम साफ होने के साथ ही, प्रदेश के चारों धामों की तीर्थयात्रा के दूसरे चरण के लिए तीर्थयात्रियों का आगमन शुरू हो गया है। पंच केदार में प्रमुख श्रीकेदारनाथ धाम में दर्शनार्थियों की संख्या पन्द्रह लाख पचास हजार पार हो गई है। बीते दस दिनों से यात्रा में प्रतिदिन यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। इस वर्ष 2 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में यात्रियों का खूब उत्साह देखने को मिला। मई माह में 6 लाख से अधिक

श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। वहीं, जून माह में लगभग 5 लाख श्रद्धालु धाम पहुंचे। मौसम की दुश्वारियों के बीच जुलाई और अगस्त माह में भी यात्रा निरंतर चलती रही। तेज बारिश, भूस्खलन, भू–धंसाव और अन्य घटनाओं के चलते प्रशासन को कई दिन यात्रा रोकनी पड़ी बावजूद इसके बाबा केदार के भक्तों का उत्साह अपने चरम पर रहा।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि तीर्थयात्रियों के आगमन से धाम तक पैदल मार्ग पर रौनक लौट आई है। इस बीच, पुलिस और प्रशासन सभी पड़ावों पर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम कर रहा है।

शारदीय नवरात्र

शारदीय नवरात्र आज से आरंभ हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के पहले दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है।

प्रदेश भर में श्रद्धालु देवी मंत्रों का जाप करते हुए, नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना कर रहे हैं। व्रत रखने के साथ ही भक्त अपने घरों में कलश स्थापना कर रहे हैं और साथ ही साथ विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन भी कर रहे हैं। हरिद्वार जिले में चंडी, मनसा देवी, रुद्रप्रयाग में कालीमठ, पौड़ी में धारी देवी व भुवनेश्वरी, चमोली में नंदा देवी समेत अन्य मंदिरों में भी नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी की अराधना के लिए पहुंच रहे हैं। राज्य के विभिन्न मंदिरों में आज से शुरू होने वाले मेलों के दृष्टिगत विशेष सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर सम्पूर्ण विधि–विधान के साथ शासकीय आवास पर माँ आदिशक्ति भगवती की पूजा–अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिष्ठात्री माँ शैलपुत्री से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा – स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत पौड़ी जिले के श्रीनगर स्थित रामलीला ग्राउंड में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों की जाँच और परामर्श सेवाएँ प्रदान की गयीं। साथ ही तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता, नशामुक्ति संबंधी परामर्श और आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध संयुक्त हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया।

## राज्य स्तरीय सतर्कता समिति बैठक

राज्य सतर्कता समिति की अध्यक्ष गीता रावत की अध्यक्षता में नई टिहरी विकास भवन में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न समितियों, मामलों, मुकदमों और उनके समाधान की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न समितियों की समीक्षा बैठकें जिला स्तर पर आयोजित करने और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, पोस्टर–बैनर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार करने पर जोर दिया।

## शिक्षा की बात

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह कल 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और समावेशी बनाना है। इस कार्यक्रम के जरिये विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां व प्रेरक व्यक्ति छात्र–छात्राओं से संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही छात्र–छात्राएं अपने सवाल भी उनसे पूछ सकेंगे। 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम का प्रदेशभर के 1300 विद्यालयों में सजीव प्रसारण किया जायेगा। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' व 'मन की बात' कार्यक्रम की तर्ज पर प्रदेश में 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।